BURARI PUBLIC SCHOOL
A venture with U N I Q U E
ASSIGEMENT – ३ (२०२४-२५)
कक्षा- छठी
विषय- हिंदी

नाम...................................... अनुक्रमांक................. शिक्षक हस्ताक्षर............................

आवश्यक निर्देश :

- **सभी प्रश्नो को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

खंड-(क)

प्रश्न -1 नीचे दिये गए गद्यांश को पढ़ कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये। (4)

संस्कृति का सामान्य अर्थ है, मानव जीवन के दैनिक आचार-व्यवहार, रहन-सहन तथा क्रिया-कलाप आदि। वास्तव में संस्कृति का निर्माण एक लंबी परम्परा के बाद होता है। संस्कृति विचार व आचरण के वे नियम और मूल्य हैं जिन्हें कोई अपने अतीत से प्राप्त करता है। इसलिए कहा जाता है कि इसे हम अतीत से अपनी विरासत के रूप में प्राप्त करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति एक विशिष्ट जीवन-शैली का नाम है। यह एक सामाजिक विरासत है जो परंपरा से चली आ रही होती है। प्रायः सभ्यता और संस्कृति को एक ही मान लिया जाता है, परंतु इनमें भेद हैं। सभ्यता में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान है अर्थात् सभ्यता का अनुमान भौतिक सुख-सुविधाओं से लगाया जा सकता है। इसके लिए विपरीत संस्कृति को आत्मा माना जा सकता है। इसलिए इन दोनों को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। वास्तव में दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। इनका विकास भी साथ-साथ होता है। अंतर केवल इतना है कि सभ्यता समय के बाद बदलती रहती है, किंतु संस्कृति शाश्वत रहती है।

(क) संस्कृति का क्या अर्थ है?
(ख) संस्कृति को विरासत का स्वरूप क्यों कहा जाता है?
(ग) सभ्यता और संस्कृति में क्या भेद है?
(घ) सभ्यता और संस्कृति का क्या अर्थ है?

प्रश्न 2. सही विकल्प पर (√) का निशान लगाये - (2)

(क) अमन राघव को कहा ले गया ?
(i) घर [ ] (ii) पाठशाला [ ] (iii) अस्तपाल [ ]

(ख) जहरीली गैस कहाँ के कारखाने से निकली थी हैं ?
(i) कोलकाता [ ] (ii) लखनऊ [ ] (iii) भोपाल [ ]

(ग) स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम क्या हैं?
(i) नरेन्द्र [ ] (ii) सुरेन्द्र [ ] (iii) देवेन्द्र [ ]

(घ) पानी ने स्वंय को कैसा बताया ?
(i) मलिन [ ] (ii) निर्मल [ ] (iii) मैला [ ]

प्रश्न 3. **निर्देशानुसार प्रश्न के उत्तर दो -** (4)

(क) दिये गये शब्दो के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो -

(i) हवा = ... , ...

(ii) सूरज = ... , ...

(ख) वाक्यांशों का वाक्यों मे प्रयोग कीजिये -

(i) बढ़-चढ़कर भाग लेना (ii) ध्यान

(ग) दिये गए शब्दों के अर्थ लिखिए -

(i) नकल (ii) मेधावी

(घ) दिये गए शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए -

(i) वास्तूकार (ii) नाराजगी

प्रश्न 4. निमनलिखित प्रश्नों मे से दो के उत्तर दीजिए - **(2)**

(क) वास्तुकार ने घर बनाने से इंकार क्यों कर दिया ?

(ख) हवा ने किस आरोप को झूठा बताया और क्यों **?**

(ग) अमन की चोरी साबित हो जाने पर उसके प्रति सबका व्यवहार कैसा था **?**

खंड-(ख)

प्रश्न 5. नीचे दिये गए शब्दों से क्रिया शब्द बनाए - **(2)**

(क) आ - ....

(ख) ला - ....

(ग) सो - ....

(घ) लिख - ....

प्रश्न 6. वाक्यों में आए कर्म शब्द को पहचानकर सामने लिखिए - **(2)**

(क) रोहित गेंद खेल रहा है | ....

(ख) ड्राइवर बस चला रहा है | ....

(ग) बंदर केला खाता है **|** ....

(घ) वर्षा तेज़ होने लगी | ....

प्रश्न 7. इन कारक भेदों के परसर्ग लिखिए । **(2)**

(क) करण कारक ....

(ख) संबंध कारक ....

(ग) अपादान कारक ....

(घ) कर्म कारक ....

प्रश्न 8. लैपटॉप के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिये | (2)